छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

सूचना

क्रमांक 9988 / दो–14–1 / 2023 बिलासपुर, दिनांक 29 / 06 / 2024
Adv. No. 07/2023(AG-III)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में सहायक ग्रेड–3 के पद की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमाँक–07 / 2023, दिनाँक– 04 / 10 / 2023 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र मंगाये गये थे। ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 / 10 / 2023 तक थी।

उक्त पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या को दृष्टीगत रखते हुए सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा व्यापम, रायपुर से आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त पद हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर प्रस्तुत किये हैं उन सभी अभ्यर्थियों को व्यापम, रायपुर के वेब–साईट **https://vyapamonline.cgstate.gov.in/online/** में जाकर पृथक से पंजीयन व परीक्षा केन्द्र हेतु जिला चयन करना होगा तथा व्यापम द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा। व्यापम के वेब–साईट में पंजीयन नहीं करने, परीक्षा केन्द्र हेतु जिला चयन नहीं करने तथा व्यापम द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा से वंचित किया जा सकता है, जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा इस संबंध में कोई पत्राचार भी स्वीकार्य नहीं होगा।

उक्त लिखित परीक्षा हेतु पंजीयन करने इत्यादि के संबंध में समय सारिणी निम्नानुसार है–

व्यापम के वेबसाइट पर पंजीयन व परीक्षा केन्द्र हेतु जिला चयन की प्रारंभिक तिथि	02.07.2024 (मंगलवार)
व्यापम के वेबसाइट पर पंजीयन व परीक्षा केन्द्र हेतु जिला चयन की अंतिम तिथि	16.07.2024 (मंगलवार)
व्यापम वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि	22.07.2024 (सोमवार)
प्रथम स्तरीय लिखित परीक्षा की तिथि	28.07.2024 (रविवार)
परीक्षा केन्द्र हेतु जिला	सरगुजा, बिलासपुर, जगदलपुर, दुर्ग, रायपुर

उक्त प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र, परीक्षा केन्द्र एवं उससे संबंधित दिशा–निर्देश इत्यादि व्यापम, रायपुर द्वारा जारी किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु जारी विज्ञापन (क्रमाँक–07 / 2023) के पाठ्यक्रम के अनुसार ही व्यापम, रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी।

लिखित परीक्षा पश्चात् अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त उच्चतम अंको के आधार पर (मेरिट के आधार पर) उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों तथा संलग्न दस्तावेजों की जॉच (Scrutiny) की जायेगी तथा सही पाये गये आवेदन पत्रों के आधार पर वर्गवार पद के 10 गुना अभ्यर्थियों को द्वितीय स्तर की कौशल परीक्षा हेतु आहुत किया जायेगा। कौशल परीक्षा हेतु आहुत किये जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची पृथक से छ.ग. उच्च न्यायालय के वेब–साईट https://highcourt.cg.gov.in में प्रकाशित की जायेगी।

29-6-2024
(आलोक कुमार)
प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल